



पर्व | देवगांव संगम से कुंडेश्वर घाट तक उमड़ा आस्था का सैलाब, नर्मदा तट पर गूंजे जयकारे

# मकर संक्रांति : देवगांव संगम तट पर दिखा आस्था का अद्भुत संगम

**मोहगांव/ नारायणगंज।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर जिलेभर में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। देवगांव संगम तट से लेकर संगम और कुंडेश्वर घाट तक नर्मदा भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह की पहली किरण के साथ ही श्रद्धालु मां नर्मदा के पवित्र जल में पुण्य स्नान कर पूजा-अर्चना में लीन नजर आए। 'नर्मदे हर' के जयघोष से पूरा तट गूंज उठा और वातावरण भक्तिमय हो गया।

संगम तटों पर श्रद्धालुओं ने दीपदान, आरती, तर्पण और विशेष पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मकर संक्रांति के अवसर पर नर्मदा स्नान को विशेष पुण्यदायी माना जाता है, इसी आस्था के चलते दूर-दराज के गांवों से भी बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। घाटों पर फूल, अगरबत्ती और दीपों की सुगंध से आध्यात्मिक माहौल और भी मनोहारी बन गया।

### लगी प्रसाद पूजन सामग्री की दुकानें

देवगांव संगम, और कुंडेश्वर घाट के बीच मेले जैसा दृश्य नजर आया। श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद, पूजन सामग्री और धार्मिक वस्तुओं की दुकानें सजी रहीं। बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग सभी श्रद्धा भाव से नर्मदा मैया के दर्शन कर रहे थे।

### प्रशासन ने किए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए थे। घाटों पर पुलिस बल की तैनाती रही, यातायात को सुचारु रखने के लिए विशेष व्यवस्था की गई और आपात स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य अमला भी मौजूद रहा। सफाई, पेयजल और रोशनी की बेहतर व्यवस्था से श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई।

कलेक्टर ने आमजन से अपील की कि वे स्नान और पूजा के दौरान सतर्कता बरतें, बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें तथा प्रशासन द्वारा बनाए गए नियमों का पालन करें। उनकी अपील का असर भी देखने को मिला, श्रद्धालु संयम और अनुशासन के साथ पर्व मनाते नजर आए। मकर संक्रांति के इस शुभ अवसर पर नर्मदा तट आस्था, श्रद्धा और भक्ति का जीवंत चित्र बन गया। मां नर्मदा की कृपा की कामना करते हुए श्रद्धालु शांत मन से अपने-अपने घरों की ओर लौटे, लेकिन घाटों पर गूंजती भक्ति की गूंज देर तक वातावरण में बनी रही।

# आचार्य विद्यासागर महाराज को मिले भारत रत्न

## मानवता के मसीहा और 'इंडिया नहीं भारत बोलो' के उद्घोषक आचार्य श्री को सर्वोच्च नागरिक सम्मान की अपील



**नैनपुर।** जैन समाज और संत परंपरा के शिरोमणि, आचार्य विद्यासागर महाराज को 'भारत रत्न' से अलंकृत करने की मांग पूरे देश में जोर पकड़ रही है। जैन समाज के साथ-साथ विभिन्न संगठनों ने भारत सरकार से विनम्र अनुरोध किया है कि आचार्य श्री के राष्ट्र के प्रति योगदान को देखते हुए उन्हें मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा जाए।

आचार्य श्री के सुयोग्य शिष्य जगत पूज्य मुनि सुधा सागर महाराज एवं प्रमाणिक संत मुनि प्रमाण सागर महाराज ने अपने मंगल उद्बोधन में गुरुवर के गुणों का बखान किया। उन्होंने कहा कि 'गुरुजी स्वयं रत्नात्रय (सम्यक् दर्शन, सम्यक् ज्ञान, सम्यक् चरित्र) के धारी थे, उन्हें किसी लौकिक उपाधि की आवश्यकता नहीं थी। किंतु, उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग और किए गए उपकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना राष्ट्र का कर्तव्य है।'

### राष्ट्र निर्माण में अतुलनीय योगदान

आचार्य जी केवल एक आध्यात्मिक संत नहीं, बल्कि एक महान दूरदर्शी राष्ट्र पुरुष भी थे। उनके द्वारा समाज हित में किए गए प्रमुख कार्यों को रेखांकित किया गया है जिनमें प्रमुख हैं 'इंडिया नहीं भारत बोलो' का संदेश देकर देश को अपनी जड़ों से जोड़ा। हथकरघा (हैंडलूम) के माध्यम से रोजगार, 'प्रतिभास्थली' के जरिए संस्कारित शिक्षा और 'शांतिधारा दुग्ध योजना' जैसे प्रकल्पों की शुरुआत की। गौवंश के संरक्षण के लिए देशभर में 'दयोदय गौशालाओं' का जाल बिछाया। उनके द्वारा रचित 'मूकमाटी' महाकाव्य आज की युवा पीढ़ी के लिए एक संजीवनी और मार्गदर्शक ग्रंथ के रूप में प्रतिष्ठित है।

### प्रधानमंत्री को लिखा गया पत्र

राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने आचार्य श्री की कठिन तपस्या, करुणा और अनुपम चर्या का उल्लेख करते हुए उन्हें 'भारत रत्न' देने का विनम्र अनुरोध किया है। साधु सेवा समिति के मीडिया प्रभारी ऋषभ कुमार जैन ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि समस्त जैन समाज को पूर्ण विश्वास है कि केंद्र सरकार जन-जन की आस्था का सम्मान करते हुए आचार्य श्री को जल्द ही इस महान उपाधि से विभूषित करेगी।

# हिंदी विषय का पेपर अब 6 मार्च को होगा

**डिंडौरी, नवभारत 14 जनवरी।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश द्वारा वर्ष 2026 में आयोजित होने वाली हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी मुख्य परीक्षा के परीक्षा कार्यक्रम में आंशिक संशोधन किया गया है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार हाईस्कूल परीक्षा में हिन्दी (उर्दू/मराठी हिन्दी सहित) विषय, जो पूर्व में 11 फरवरी को प्रस्तावित था, अब 6 मार्च शुक्रवार को आयोजित किया जाएगा। वहीं हायर सेकेंडरी परीक्षा की तिथियों में भी आंशिक संशोधन करते हुए परीक्षाएं 6 मार्च शुक्रवार एवं 7 मार्च शनिवार को आयोजित की जाएंगी। परीक्षा कार्यक्रम को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने के निर्देश मण्डल ने विद्यालयों को निर्देशित किया है कि संशोधित परीक्षा कार्यक्रम को शाला के बाहर नोटिस बोर्ड चस्पा किया जाए।



# स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का वार्षिक कैलेंडर विमोचित

**नारायणगंज।** स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन गत दिवस प्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपत्तियां उईके द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान संगठन पदाधिकारियों ने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किया तथा कर्मचारियों के लिए जारी किए गए नए कैलेंडर का विमोचन कराया गया।

संघ के जिलाध्यक्ष शरद मेश्राम ने बताया कि इसके पश्चात संगठन के सदस्यों ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी. जे. मोहंती एवं सिविल सर्जन डॉ. विजय सिंह धुर्वे से मुलाकात कर उन्हें स्मृति चिन्ह व कैलेंडर भेंट किया। साथ ही कर्मचारी हितों से जुड़े मुद्दों पर परामर्शदात्री समिति की नियमित बैठक आयोजित किए जाने पर चर्चा की गई। इस अवसर पर संगठन के सचिव अनिल भोयर, कोषाध्यक्ष सुनील सैयाम, ब्लॉक अध्यक्ष राम मिश्रा, मीरा बंसकार, अशोक पाण्डेय, नीता उपाध्याय, पचलू केराम, योगेश मानिकपुरी, प्रकाश कूड़ापे, शशिकांत सिंह, अनिशा धुर्वे, सोमनाथ पूसाम, अनुज, धनकुवर धुर्वे, यादव, रणधीर नायक, नीलेश बढ़गैया सहित कर्मचारी संघ के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# आयुषी ज्वेलर्स डकैती कांड का दसवां आरोपी गिरफ्तार



**कटरा।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 20 नवंबर 2025 को आयुषी ज्वेलर्स, कटरा में हुई सनसनीखेज डकैती और दुकान संचालक पर फायरिंग की घटना में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मामले की निरंतर विवेचना के दौरान 14 जनवरी 2026 को प्रकरण के दसवें आरोपी विष्णु नाथ को गिरफ्तार किया गया। 24 नवंबर 2025 को पंकज गौर ने सुल्तानपुर में विष्णु नाथ से मुलाकात कर बताया कि आयुषी ज्वेलर्स में लूट की वारदात को अंजाम दे दिया गया है। लूट के बाद आरोपी के पास से मात्र 1,500 रुपये शेष पाए गए, साथ ही घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन भी बरामद किया गया।

गिरफ्तार आरोपी विष्णु नाथ उर्फ शिंदे, पिता द्वारका नाथ, उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम सालेगढ़, थाना सुल्तानपुर, जिला रायसेन है। पुलिस ने उसके पास से मोबाइल फोन और 1,500 रुपये नकद जब्त किए हैं।

आरोपी को 14 जनवरी 2026 को न्यायालय में पेश किया गया। आयुषी ज्वेलर्स डकैती प्रकरण में अब तक कुल 10 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि शेष पहलुओं पर विवेचना जारी है। पुलिस की इस कार्रवाई से जिले में अपराधियों के खिलाफ सख्त संदेश गया है और लोगों में सुरक्षा को लेकर भरोसा बढ़ा है।

# चंद्रकांत द्विवेदी बने श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष

**उमरिया, नवभारत।** मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला उमरिया के चन्द्रकान्त द्विवेदी को चौथी बार जिला अध्यक्ष एवं विजय



द्विवेदी को चौथी बार जिला महासचिव संस्था प्रमुख सुलभ भदौरिया द्वारा नियुक्त किया गया। उनकी नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है तथा बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

# बाल विवाह के दुष्परिणाम की दी जानकारी

▶ बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**डिंडोरी,नवभारत 14 जनवरी।** बुधवार को बाल विवाह की प्रथा को समाप्त करने के उद्देश्य से संचालित 100 दिवसीय इंटेंसिव थीम आधारित 'बाल विवाह मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत वन स्टॉप सेंटर, जिला डिंडोरी द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम मकर संक्रांति के पावन अवसर पर मां नर्मदा मंदिर, डेम घाट डिंडोरी में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं एवं बालिकाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर प्रशासक सविता धार्वे द्वारा उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए बाल विवाह के सामाजिक, स्वास्थ्य एवं कानूनी दुष्परिणामों की विस्तृत जानकारी दी गई।

### कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी

वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से उपलब्ध सहायता सेवाओं महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं वन स्टॉप



सेंटर हेल्पलाइन - 7828195167 के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान बाल स्पॉन्सरशिप योजना तथा महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई, जिससे पात्र लाभार्थी योजनाओं का लाभ ले सकें।




# मकर संक्रांति पर आजीविका और जनजातीय उत्पाद मेला लगा


## स्व सहायता समूहों को मिला बाजार, लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा

**डिंडोरी ,नवभारत 14 जनवरी।** मकर संक्रांति के चलते पवित्र नर्मदा घाट डिंडोरी में बुधवार को आजीविका मेला सह जनजातीय उत्पाद मेले का भव्य आयोजन किया गया। मेले का मुख्य उद्देश्य स्व सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराकर लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा देना रहा।

इस अवसर पर जिले की स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों के विक्रय हेतु 30 स्टॉल लगाए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम एवं सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र राजपूत उपस्थित रहे। कार्यक्रम का नेतृत्व कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया, पुलिस अधीक्षक वाहिनी सिंह तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्यांशु चौधरी द्वारा किया गया।

### ट्रायफेड देगा स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा

मेले में ट्रायफेड भोपाल द्वारा सहभागिता की गई, जिसके अंतर्गत स्व सहायता समूहों के उत्पादों के विपणन हेतु 100 व्यक्तिगत उद्यमियों एवं 10 समूहों से अनुबंध किए गए। इनके द्वारा तैयार उत्पादों का संस्था के माध्यम से क्रय कर स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिया जाएगा। यह आयोजन मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन डिंडोरी द्वारा नई चेतना अभियान 4.0 के अंतर्गत संपन्न हुआ। मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर स्व सहायता समूह की दीदियों द्वारा तिल-गुड़ से बने लड्डू एक-दूसरे को खिलाए गए तथा पतंगबाजी का भी आयोजन किया गया।



# हनुमान टेकरी में 24 घंटे का श्रीराम कीर्तन प्रारंभ

**अमरपुर, नवभारत।** जनपद पंचायत अमरपुर के नजदीकी ग्राम पंचायत रामगढ़ स्थित हनुमान टेकरी हनुमान मंदिर में मकर संक्रान्ति पर्व के सुअवसर पर 14 जनवरी से 15 जनवरी तक 24 घंटे श्रीराम कीर्तन का आयोजन किया गया हैं। इस दौरान रामायण पाठ एवं श्रीराम कीर्तन समापन अवसर पर आज गुरुवार को हवन व विशाल भंडारा भी आयोजित की गई हैं। जिसमें सभी आसपास गांवों के श्रृद्धालु भक्तजन आयोजित श्रीराम कीर्तन में शामिल होकर धर्म लाभ उठाकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने की अपील समस्त रामगढ़, बांकाटोला ग्रामवासियों द्वारा किया गया हैं। ज्ञातव्य होवे कि हनुमान मंदिर में विगत कई वर्षों से निरंतर सप्ताह के हर शनिवार को ग्रामवासी एवं आसपास गांवों के श्रृद्धालु जनों के सहयोग से रामायण का आयोजन किया जा रहा हैं।

# धान खरीदी से सरकारी गोदाम हो गए फुल

## 10 मिलर्स के गोदाम किराए पर लिए गए, 26 हजार टन धान का परिवहन बाकी



**उमरिया, नवभारत 14 जनवरी।** जिले में धान उपार्जन के कारण सरकारी गोदाम पूरी तरह भर गए हैं। इसके चलते खाद्य विभाग ने निजी मिलर्स के 10 गोदाम किराए पर लिए हैं। जिले में अब तक लगभग 1.48 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है, जबकि 26 हजार मीट्रिक टन धान का परिवहन अभी बाकी है।

जिले में 1 दिसंबर से धान खरीदी का कार्य लगातार जारी है। कुल 44 केंद्रों में से 35 केंद्रों पर समितियों के माध्यम से धान का उपार्जन किया जा रहा है। इस वर्ष लगभग 1.5 लाख मीट्रिक टन धान उपार्जन का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके विरुद्ध 1 लाख 48 हजार 138 मीट्रिक टन धान की खरीदी पूरी की जा चुकी है। उपार्जन की अधिक मात्रा के कारण जिले के सभी शासकीय गोदाम और वेयरहाउस पूरी तरह भर गए हैं। इस स्थिति से निपटने के लिए खाद्य विभाग को निजी मिलर्स के गोदाम किराए पर लेने पड़े हैं।

### 129 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान लंबित

विभाग ने अब तक 10 मिलर्स के गोदामों को किराए पर लिया है, जहां आगे उपार्जित धान का भंडारण किया जाएगा। वर्तमान में जिले की विभिन्न समितियों में लगभग 26 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान अभी भी रखा हुआ है, जिसका परिवहन नहीं हो पाया है। इसके अतिरिक्त, 1 दिसंबर से 12 जनवरी तक किसानों के खातों में लगभग 129 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान भी लंबित है।

### परिवहन की कार्यवाही प्रगति पर है : सिंह

प्रभारी नोडल अधिकारी एवं जिला खाद्य अधिकारी रोहित सिंह ने बताया कि सभी शासकीय गोदाम भर जाने के बाद निजी मिलर्स के गोदामों में धान भंडारण की प्रक्रिया शुरू की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि परिवहन की कार्यवाही प्रगति पर है और जल्द ही सभी खरीदी केंद्रों से धान का उठाव कर उसे सुरक्षित स्थानों पर रखवा दिया जाएगा।